आकाशवाणी श्री विजयपुरम

15.01.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना है और हमारी सरकार ने पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

2. अटलान्टा बे में गहरे पानी वाला ड्राई बल्क ट्रांसशिपमेन्ट बन्दरगाह भारत की समुद्री रणनीति को और मजबूत करेगा।

3. सांसद बिष्णु पद रे ने युवाओं के विकास और खेलों के प्रचार के लिए आधुनिक सुविधाओं के लिए आवाज़ उठाई।

4. चिड़ियाटापू में एन सी सी कैडेट्स ने द्वीप समूह में सेना की भूमिका और तैयारियों के बारे में विस्तार से जाना।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि लोक कल्याण की इसी भावना के कारण पिछले कुछ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।
प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने अपनी विविधता को ताकत बनाया और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उभरा है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम कर रहा है। इसके अलावा भारत ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है ताकि ग्लोबल साउथ के देशों को भी इसका लाभ मिल सके।

<><><><><><>

बंगाल की खाड़ी में बढ़ती क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच, केंद्र सरकार ने उत्तर अंडमान के अटलांटा बे में गहरे पानी वाले ड्राई बल्क ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह के निर्माण को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह परियोजना भारत की वाणिज्यिक और समुद्री उपस्थिति को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस बंदरगाह को केपसाइज जहाजों सहित दुनिया के सबसे बड़े ड्राई बल्क जहाजों को संभालने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है। यहां देश का सबसे लंबा घाट बनने की भी संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बंदरगाह न केवल वाणिज्यिक बल्कि सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा और नौसेना तथा तटरक्षक बल के अभियानों में सहायता करेगा। अटलान्टा बे का विकास ग्रेट निकोबार के गलाथिया बे में प्रस्तावित बड़े कन्टेनर ट्रांसशिपमेन्ट के साथ–साथ किया जा रहा है। जहां गलाथिया बे का उद्देश्य सिंगापुर और कोलम्बो जैसे वैश्विक ट्रांसशिपमेन्ट हब से कन्टेनर यातायात आकर्षित करना है। वहीं अटलान्टा बे ड्राई बल्क कार्गो जैसे कोयला, खनिज और औद्योगिक कच्चा माल पर केन्द्रित रहेगा। इन दोनों बंदरगाहों से अंडमान निकोबार श्रृंखला के दोनों सिरों पर भारत की महत्वपूर्ण समुद्री अवसंरचना स्थापित होगी।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के मार्गदर्शन में हाल ही में प्रशासन में कार्यरत मल्टी टास्किंग स्टाफ कर्मियों के कल्याण के लिए एक नए संगठन का गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के राज्य उपाध्यक्ष ए. विजय नायर ने की। महासंघ द्वारा वी. वीरन्ना को अध्यक्ष और श्रीदेवी को सचिव तथा गणेश कार्तिक को वित्त सचिव नामित किया गया।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस द्वारा चौहत्तरवां पुलिस स्थापना दिवस समारोह कल मनाया जाएगा। यह समारोह पुलिस लाइन परेड मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अपने पुलिसकर्मियों के समर्पण, बलिदान और अनुकरणीय सेवा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह में पुलिस महानिदेशक सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम

आयोजित किए जाएगे। कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन परेड मैदान में सुबह सात बजे होने वाली परेड से होगी।

<><><><><><>

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय, अंडमान निकोबार द्वीप समूह द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, पोर्ट ब्लेयर में सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसी क्रम में, ए डी आर केंद्र – "प्रयास" में सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपों में खेलकूद बुनियादी ढांचे के विकास और उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। सांसद ने कहा कि अधिकतर गाँवों, वार्डों और तहसीलों में खेल के मैदान हैं, लेकिन इनडोर स्टेडियम, बहुउद्देशीय हॉल, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और पर्याप्त फ्लडलाईट जैसी आधुनिक सुविधाओं का अभाव है। इससे कई युवा खेलों में सक्रिय नहीं हो पा रहे और उनकी प्रतिभा प्रभावित हो रही है। श्री राय ने मुख्य सचिव, से आग्रह किया है कि खेल विभाग सभी स्तरों पर आवश्यकताओं का तत्काल मूल्यांकन करे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजे। उन्होंने केंद्र की योजनाओं, जैसे खेलो इंडिया, के तहत वित्तीय सहायता की संभावना भी बताई। सांसद ने इस पहल को युवाओं के विकास, खेलों के प्रचार और सामाजिक कल्याण के लिए अति आवश्यक बताया।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपों में खेलकूद बुनियादी ढांचे के विकास और उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। सांसद ने कहा कि अधिकतर गाँवों, वार्डों और तहसीलों में खेल के मैदान हैं, लेकिन इनडोर स्टेडियम, बहुउद्देशीय हॉल, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और पर्याप्त फ्लडलाईट जैसी आधुनिक सुविधाओं का अभाव है। इससे कई युवा खेलों में सक्रिय नहीं हो पा रहे और उनकी प्रतिभा प्रभावित हो रही है। श्री राय ने मुख्य सचिव, से आग्रह किया है कि खेल विभाग सभी स्तरों पर आवश्यकताओं का तत्काल मूल्यांकन करे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजे। उन्होंने केंद्र की योजनाओं, जैसे खेलो इंडिया, के तहत वित्तीय सहायता की संभावना भी बताई। सांसद ने इस पहल को युवाओं के विकास, खेलों के प्रचार और सामाजिक कल्याण के लिए अति आवश्यक बताया।

<><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर 2026 के दौरान, एन सी सी कैडेटों ने चिड़ियाटापू जैविक उद्यान के समुद्र तट का शैक्षिक दौरा किया। इसका नेतृत्व समूह कमांडर एवं शिविर कमांडेंट कर्नल हरितेजा ने किया। दौरे के दौरान भारतीय सेना की भूमिका, जिम्मेदारियाँ और द्वीपीय क्षेत्रों में उसकी तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरे का एक मुख्य आकर्षण इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल का प्रदर्शन रहा। सेना के जवानों ने कैडेटों को बी एम पी की परिचालन क्षमताएँ, तकनीकी विशेषताएँ और युद्धभूमि में इसकी भूमिका समझाई। कैडेटों को बी एम पी पर सवारी करने का भी अवसर मिला, जिससे उन्हें बख्तरबंद वाहनों के संचालन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। यह दौरा कैडेटों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित वन रेंजरों की लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी कल जारी की जाएगी। उत्तर कुंजी को उम्मीदवार erecruitment.andamannicobar.gov.in वेबसाइट पर जाकर "उम्मीदवार कॉर्नर" में अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड डालकर लॉगिन करके देख सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को इस पर आपत्ति या असहमति हो, तो वे आपत्ति 23 जनवरी की मध्य रात्रि से पहले admin&forest@and.nic.in पर भेज सकते हैं।

<><><><><><>

राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्याताओं एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार, शिक्षण प्रदर्शन, सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक मूल्यांकन आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार 17 जनवरी को पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर dbrait.andamannicobar.gov.in पर क्लिक कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूरभाष संख्या 03192–210955 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजय पुरम से कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह 8 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा।

**<><><><><><><>**